‘शोध प्रक्रिया’ विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन

हिंदू कन्या महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा दिनांक 30 अक्तूबर, 2023 को ‘शोध प्रक्रिया’ विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में हिंदू कन्या महाविद्यालय की प्रवक्ता डॉक्टर गीता गुप्ता द्वारा बी. ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं को शोध प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं एवं आयामों पर विस्तार से चर्चा करते हुए, शोध के महत्व एवं आवश्यकता को समझाया। छात्राओं के कैरियर में शोध के योगदान, उच्च शिक्षा हेतु शोध प्रक्रिया के ज्ञान एवं प्रमाणिकता की गंभीरता पर उन्होंने विस्तार से चर्चा की। शोध के विभिन्न तरीकों, स्त्रोतों इत्यादि पर भी प्रकाश डाला। इस कार्यशाला की संयोजिका अंग्रेजी विभाग की प्रवक्ता श्रीमती अंजलि गुप्ता रहीं। विभाग के अन्य सदस्य श्रीमती सुशीला, सुश्री आकांक्षा, श्रीमती दिव्या, श्रीमती नितिशा भी कार्यशाला में उपस्थिति रहीं। लगभग 100 छात्राओं ने इस कार्यशाला में भाग लिया।


दैनिक भास्कर

पानीपत, मंगलवार, 31 अक्टूबर, 2023

हिंदू कन्या महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा शोध प्रक्रिया' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रवक्ता डॉ. गीता गुप्ता द्वारा बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं को शोध प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं एवं आयामों पर विस्तार से चर्चा करते हुए, शोध के महत्व एवं आवश्यकता को समझाया।

छात्राओं के करियर में शोध के योगदान, उच्च शिक्षा हेतु शोध प्रक्रिया के ज्ञान एवं प्रमाणिकता की गंभीरता पर उन्होंने विस्तार से चर्चा की। शोध के विभिन्न तरीकों, स्रोतों पर भी प्रकाश डाला। इस कार्यशाला की संयोजिका अंग्रेजी विभाग की प्रवक्ता अंजलि गुप्ता रही। विभाग के अन्य सदस्य सुशीला, आकांक्षा, दिव्या, नितिशा भी उपस्थित रहे।